इलाज हेतु पाटन के संदीप को 20 हजार व चैनपुर के सुनील को 50 हजार देने का निर्देश

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी फरियाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया। जनता दरबार में पाटन के जोड़ा खुर्द से आये संदीप कुमार ने उपायुक्त को बताया कि मैं हाथ से दिव्यांग हूं और मेरी आर्थिक स्थिति इतनी नहीं है कि मैं अपना इलाज करा सकूं। उन्होंने उपायुक्त से इलाज हेतु आर्थिक मदद करने की बात कही। इस पर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता को अपने कार्यालय में बुलाकर संदीप कुमार को 20 हजार रुपये की मदद करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह चैनपुर के हरिनामाड़ के सुनील राम को भी अपना इलाज हेतु वेल्लोर जाना था लेकिन पैसे नहीं रहने के कारण वह वेल्लोर जाने में असमर्थ थे उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से सुनील राम को भी पचास हजार रुपये देने की बात कही। जनता दरबार में आये पांडू प्रखंड के महुगावां निवासी बजरंगी गुप्ता को दिव्यांगता पेंशन स्वीकृत करने का निर्देश सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को दिया। जिसके पश्चात ऑन स्पॉट लाभुक का पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। इसके अलावे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 5 मामले आये जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।



## अभाविप ने शैक्षणिक समस्या को ले परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा मेदिनीनगर नगर इकाई के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान के नेतृत्व में विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से स्नातक सेमेस्टर 4 एवं 6 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई जाए जिसमें अब तक परीक्षा फॉर्म न भर पाने वाले विद्यार्थियों को एक अंतिम मौका देने,हाल में हुई जारी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी परीक्षा परिणामों के त्रुटि को छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अविलंब दूर की जाए एवं आवश्यक कार्रवाई करने, महाविद्यालय में रिक्त शिक्षक के पदों को भरने की मांग की गई। मौके पर मुख्य रूप से प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडेय, जिला एस एफ डी प्रमुख सुमित पाठक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव, नवलेश कुमार यादव सहित अन्य विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## सांप्रदायिक सद्भाव प्रत्येक धर्म को दिलाता है समान अधिकार : डॉ.महेंद्र



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस इकाई एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय एकता व साम्प्रदायिक सौहार्द्र विषय पर लेख व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. विशेश्वर रविदास ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की कई विचार धाराओं में से एक है।

उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र सदभाव से ही हमारा समाज व देश की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित व विकसित हो सकती है। वहीं प्रभारी प्राचार्य डॉ. महेंद्र पांडेय ने कहा कि भारत जैसे विभिन्न संस्कृतियों व साम्प्रदायिक वाले देश में नागरिको के बीच सहिष्णसुनता एवं धार्मिक सदभाव से ही विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।

उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सदभाव प्रत्येक धर्म को समान अधिकार मिले ताकि राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनी रही। लेखन व भाषण प्रतियोगिता में संजना विश्वकर्मा, आशा, लव कुमार, शिवम, कुमकुम, नेहा, भारती, मानसी, बालचंद बेदिया, संजू बेदिया, तारा शंकर, नेहा, शबनम परवीन आदि ने हिस्सा लिया। मौके पर डॉ. एकेएस झा, प्रो. सुनील कुमार, डॉ.एसपी पांडेय, डॉ.विभा राय, डॉ. एसपी दांगी, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. टीके झा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# जनता मजदूर संघ केंद्रीय कोर कमेटी ने मजदूर नेता राकेश को सौंपी कमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनता मजदूर संघ केंद्रीय कोर कमेटी महामंत्री एवं जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह द्वारा निर्विरोध लगातार सातवें साल जनता मजदूर संघ का बागडोर पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा आदि जिलों में मजदूरों के कल्याण हेतु मजदूर नेता राकेश सिंह को संयोजक का कार्यभार सौंपा गया। कमेटी ने पत्र जारी कर कहा है कि राकेश सिंह पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा आदि जिला में खनिज/कोयला क्षेत्रों में कार्यरत संगठित एवं असंगठित श्रमिकों के बीच संगठन विस्तार व उनके समस्याओं के समाधान करेंगे। इस अवसर पर मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि मजदूरों के कल्याण अर्थ एवं शोषण मुक्ति हेतु हम सदैव तत्पर रहे हैं, संघर्षरत हैं। जान की बाजी लगाकर के मजदूरों का अधिकार दिलाने का हमारा संकल्प दृढ़ है। मजदूर नेता श्री सिंह ने जनता मजदूर संघ केंद्रीय कमेटी और सभी मजदूर साथियों को सातवें बार हम पर भरोसा जताकर जिम्मेवारी सौंपने के लिए बधाई दी है।



## चोरों ने सौंदा वर्कशप में 35 फीट काटा केबल, गार्ड के साथ की मारपीट



सौंदा वर्कशॉप

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** सौंदा वर्क शॉप में बीती रात्रि हथियार बंद चोरो ने गार्ड के साथ मारपीट कर 35 फीट कॉपर केबुल सहित कई समान लेकर भाग गये। जानकारी के अनुसार दर्जनों की संख्या में चोरो ने सुरक्षाकर्मी महावीर प्रसाद दांगी और नौशाद अहमद के साथ मारपीट भी की। महावीर प्रसाद दांगी ने बताया कि बीती रात्रि करीब साढ़े नौ बजे दो चोर केबुल काट रहे थें। उन्हें देखते ही इसकी सूचना सहकर्मियों को दी गई। हमलोगों ने चोरो को खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर पत्थर फेकने लगे। साथ ही लाठी डंडा व टांगी से मारने के लिए दौड़ाने लगें। घटना में नौशाद अहमद और मुझे हल्की चोट भी लगी है। चोरो ने कर्मियों के दो बाईक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही गलब्स, टिफिन सहित कई समान लेकर चलते बने। घटना की सूचना क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग को दी गई है।

# भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण

## हर हाल में गरीबों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए भुरकुंडा पंचायत में शनिवार को दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया अजय पासवान व वार्ड सदस्यों द्वारा दर्जनों वृद्ध, दिव्यांग, विधवा और गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने बताया कि पंचायत में सैंकड़ों लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया जाना है जिसके तहत आज दर्जनों लोगों के बीच कंबल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाकी बचे लोगों के बीच भी जल्द से जल्द कंबल का वितरण किया जायेगा ताकि सबों को ठंड से बचाया जा सके। श्री पासवान ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड से ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलेगा। मौके पर मुखिया अजय पासवान, उपमुखिया संजीत राम, पंचायत सेवक धर्मनाथ केवट, वार्ड सदस्य रोशन पासवान, पुष्पा देवी, आशा देवी, अमित पासवान, कौशल्या देवी, ललिता देवी, उमेश नायक, सुनीता देवी, किरण देवी, प्रीति देवी, विजय पासवान, शिव कुमार दास, अस्ताफ अली, सुजीत पासवान, भोला सहित दर्जनों गरीब महिला-पुरूष मौजूद थें।



कंबल वितरण के मौके पर मौजूद मुखिया, व जनप्रतिनिधि व लाभुक

## गरीबों को हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा : आशा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ती ठंड को देखते सयाल उतरी पंचातय की मुखिया आशा देवी द्वारा 120 कंबलो का शनिवार को वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया आशा देवी, उप मुखिया विमलेश कुमार, पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव व पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान द्वारा 120 वृद्ध, विधवा, दिव्यांग व गरीब-जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कहा गया कि पंचायत में गरीबों की संख्या बहुत अधिक है अभी सबों को कंबल नहीं मिल पाया है। बाकी बचे लोगों के बीच भी जल्द से जल्द शत प्रतिशत कंबल का वितरण किया जायेगा। मुखिया आशा देवी ने कहा कि हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाया जायेगा। पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव व समाजसेवी वीरेंद्र पासवान ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड से ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। हर हाल में पंचायत का चहंमुखी विकास व ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होगा।

**120 गरीबों को मिला कंबल, कहा- शत प्रतिशत होगा कंबल का वितरण**



कंबल का वितरण करते उपमुखिया, पूर्व मुखिया व समाजसेवी

कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड सदस्य मंजू लता कुमारी, सीता देवी, संगीता देवी, कांति कुमारी, अंशी देवी, गीता कुमारी, पूनम देवी, विशाल कुमार, कांति कुमारी, कुलदीप उरांव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# रैली में शामिल होने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के सदस्य दिल्ली रवाना



रवाना होते

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** दिल्ली के जंतर मंतर 27 नवंबर को जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाये जाने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा रैली का आयोजन किया गया है। उक्त रैली में शामिल होने के लिए फाउंडेशन के सदस्य शुक्रवार को बस द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुए।

इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि रैली में झारखंड प्रदेश से 5000 सदस्य शामिल होने के लिए जा रहे हैं। कहा कि जनसंख्या नियंत्रण समय की मांग है।

जिसके लिए सरकार को कानून बनाने की जरूरत है। मौके पर सदस्यों ने धरती माता करे पुकार नही सहेंगे जनसंख्या भार, पूरे देश का एक जुनून दो बच्चों का बने कानून, बढ़ती जो आबादी है देश की बबार्दी है आदि के नारे लगाये।

सदस्यों ने बताया कि फाउंडेशन लंबे समय से देश में दो बच्चों का कानून बनाने की मांग करती आ रही है। उसी की मांग को लेकर 27 नवंबर को फाउंडेशन जंतर मंतर में रैली का आयोजन कर रही है। जिसमें देश में दो बच्चों का कानून बनाने की मांग सरकार से की जाएगी। रवाना होनेवाले में फाउंडेशन के कई सदस्य शामिल थे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्लस टू उवि के विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2022 का आयोजन जिला स्कूल के में किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय जिला स्कूल मेदिनीनगर के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। प्लस टू विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिस्पधाओं में शामिल होकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 400 मीटर रिले छात्र वर्ग में जय मंगल सिंह, रंजन सिंह, उत्कर्ष रंजन एवं गोपाल सिंह प्रथम रहे। जिला स्कूल छात्र वर्ग में फुटबॉल टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके कप्तान जय मंगल सिंह थे।

# जिला स्तरीय जूनियर बालक बालिका खो- खो चयन प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन द्वारा जीएलए कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय जूनियर बालक, बालिका खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जीजीपीएस स्कूल जमुने, विमला पांडे ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया, राजकीयकृत ब्राह्मण+2 उच्च विद्यालय मेदनीनगर, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल चियांकी, संत मरियम स्कूल मेदिनीनगर और बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबाद गंज डालटेनगंज के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उदघाटन समाजसेवी महेंद्र कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमला नंद दुबे, जीजीपीएस स्कूल जमुने अनिल कुमार पांडे और ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षक आनंद माधव पांडे ने किया। तकनीकी पदाधिकारी में रेशमा पांडे, प्रीति कुमारी, अंकित कुमार, गोविंद गिरी, सपना कुमारी थे। बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर बालक वर्ग में 15 खिलाड़ियों तथा बालिका वर्ग में 15 खिलाड़ियों को कैंप प्रेक्टिस के लिए चयन किया गया।



# विद्यालय एक ऐसा मंच है जहां बच्चों को निखारने का अवसर मिलता है: प्राचार्य

## राज्य स्तर पर डीएवी रजरप्पा के चार बच्चों का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** ऊर्जा मंत्रालय और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता 22 अक्टूबर को नईसराय, रामगढ़ में आयोजित हुई। यह प्रतियोगिता दो समूह कक्षा पाँचवीं से सातवीं और आठवीं से दसवीं कक्षा के बच्चों के लिए थी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों की संख्या अधिक थी। जिसमें डीएवी रजरप्पा से पहले समूह में कक्षा छठी से भीम कुमार और सातवीं से रौनक राज तथा दूसरे समूह में कक्षा आठवीं से कुलेश्वर महतो तथा नवीं से गौरव राज का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन किया गया। ज्ञातव्य हो कि यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 26 नवंबर शनिवार को जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धुर्वा राँची में होगी। वहीं दूसरी तरफ रामगढ़ जिले की प्रखंड स्तर पर बुनियादी विद्यालय, रामगढ़ में कला उत्सव 2022 प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले के अलग-अलग प्रखंडों से लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। जिनमें डीएवी रजरप्पा के 4 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय से साक्षी कुमारी तथा उत्कर्ष राज्य का मूर्तिकला में तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा से श्वेता प्रिया तथा बारहवीं कक्षा से सूरज केवट का चयन किया गया। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चार बच्चों का चयन होने पर विद्यालय परिवार अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य हिमांशु कुमार झा ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय एक ऐसा मंच है जहाँ बच्चों को निखारने का अवसर मिलता है। बच्चे अवसर का लाभ उठाकर अपनी सकारात्मक क्रियाशीलता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकते हैं। विद्यालय प्राचार्य, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा शिक्षकेतर कर्मचारी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मनोज कुमार, श्यामल कांति मिश्रा, अर्णव मन्ना, ब्रजेश उपाध्याय, सत्यकाम आर्य, इन्द्रनाथ महतो, उमापति कुमार, सुमन कुमारी, ममता सिंहा, रीमा और सोनी कुमारी अनेकों छात्रझ्छात्राएँ उपस्थित थे।



प्राचार्य के साथ सफल प्रतिभागी

# ऑल इंडिया एससी-एसटी ओबीसी कोर्डिनेशन कांउसिल को पहले से ज्यादा मजबूत बनाया जायेगा: राजू उरांव

## सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष रमेश, उपाध्यक्ष विमल, सचिव कमलेश एवं कोषाध्यक्ष सुरेश करमाली चुने गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह पंचायत के सांडी गांव में ऑल इंडिया एससी-एसटी ओबीसी कोर्डिनेशन कांउसिल की एक बैठक ग्रामीणों की संग हुई. बैठक से पूर्व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा एवं संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव अंबेडकर को माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद बतौर मुख्य अथिति कांउसिल के प्रदेश अध्यक्ष राजू उरांव व विशिष्ट अथिति पत्रकार कृष्णा करमाली मौजूद रहे. इस दौरान सर्वसमिति से प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रमेश करमाली, उपाध्यक्ष विमल करमाली, पवन करमाली, अमित मुण्डा, रवि, सचिव कमलेश करमाली, सह सचिव गौतम करमाली, एकरामूल अंसारी, जीतराम मांझी, सुरेश मुंडा, कोषाध्यक्ष सुरेश करमाली, सह सचिव आनंद, पिंटू, संगठन सचिव उमेश करमाली चुने गए. जबकि कार्यकारणी सदस्य में शोभा देवी, विमला, गीता देवी, कुंवर देवी, पुनम देवी, लीला देवी, अनीता, विजली देवी, निरल, कल्याणी देवी, वीणा, विशाल करमाली, आकाश करमाली, अर्जुन करमाली, रोहित करमाली, राजू एवं रुस्तम करमाली शामिल है। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा अन्य सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया. इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश करमाली ने कहा की जिस उम्मीद के साथ मुझे अध्यक्ष पद पर चुना है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाने का भरपूर प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि कांउसिल को मजबूत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा। वही मुख्य अथिति ने कहा कि ऑल इंडिया एससी-एसटी ओबीसी कोर्डिनेशन कांउसिल को पहले से ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को हक अधिकार दिलाने के लिए सदैव तत्पर हुं। डॉ आंबेडकर ने जीवन भर दबे कुचले और शोषितों को न्याय दिल के लिए संघर्ष किया। भारतीय संविधान की निर्माण करके बाबा साहब ने जहां भारत को गणराज्य बनाने का काम किया। वहीं समरसता रास्ता दिखाकर सामानता और सामान अधिकारी देकर सशक्त बन का काम किया। उनके द्वारा किए गए कार्यो का देश की जनता सदैव ऋणी रहेगी। जबकि विशिष्ट अथिति ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर अपने संघर्ष, परिश्रम व अध्ययनशीलता के आधार पर ऊंचाइयों को छुआ है। बाबा साहब ने शिक्षित बनों, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। शिक्षित बनने का अर्थ है कि हमारे ज्ञान के द्वार खुलते हैं और संगठित रहो का मतलब शक्ति प्राप्त करना हैं। आज की आवश्यकता हर व्यक्ति को शिक्षित बनने की है। समाज के विकास के लिए संगठित होना आवश्यक हैं। बैठक की संचालन रमेश करमाली ने किया। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर कई महिला पुरुष एवं युवा लोग मौजूद थे।



अध्यक्ष को स्वागत करते

स्पीड न्यूज

## नप अध्यक्ष पद के लिए चंदन जायसवाल भी उतरे मैदान में



**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय आर्थिक, व्यापारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक उज्वलता का केंद्र रहा है। परन्तु जिला मुख्याल गढ़वा को इसके प्रखर प्रकाश पुंज और महत्वपूर्ण सन्देशों के अनुरूप ढालने में सफलता नहीं मिल पायी है। नगर निकाय के तीन-तीन चुनाव होने और प्रतिनिधि चुने जाने के बाद भी गढ़वा वहीं खड़ा है। जहां से स्वच्छ और प्रेरणादायी गढ़वा के निर्माण का पहला कदम रखा जाने वाला था। उक्त बातें गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याषी चन्दन जायसवाल ने कही। चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए चंदन ने कहा कि वे गढ़वा वासियों के मार्गदर्शन और आकांक्षाओं के अनुरूप गढ़वा जिला मुख्यालय को नए अंदाज में पहचान देना चाहते हैं। ताकि जन सुविधाओं और स्वच्छता की कसौटी पर गढ़वा की पहचान दूर-दूर तक पहुंचाया जा सके। नगर परिषद को प्रदत सारे सुविधाओं पर जनता का अधिकार है। ये सुविधाएं पूर्व की तरह कुछ प्रमुख लोगों और मुहल्लों में रेवड़ी की तरह फिर से बंट न जाए, इसकी चिंता सबको होनी चाहिए। जनता की सुविधाओं की लूट और बंदरबाट के साथ गढ़वा में बड़ी तेजी फैलाये जा रहे सामाजिक विद्वेष को रोकना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। मेरा उद्देष्य 24 घंटा 365 दिन सिर्फ सेवा ही सेवा है।

## मुखिया रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार



रमना। एसीबी की टीम ने शुक्रवार दोपहर श्री बंशीधर नगर प्रखंड स्थित कोलझिकी पंचायत के मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता को 15 हजार रुपये घुस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिकी पंचायत के मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित एक व्यक्ति से वह घुस की मांग कर रहा था। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी ने उक्त मामले की पहले गहनता से छानबीन की। जांच में सही पाये जाने के बाद एसीबी ने एक टीम का गठन कर उक्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मुखिया गढ़वा से लौटने के दौरान उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये घुस के रूप में मांगते हुए रमना बुलाया था। रमना बस स्टैंड पर सर्वेश्वरी चैक के समीप उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसी बीच मुखिया ने पैसा फेंक कर शोर मचाने लगा। लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। लोगों की भीड़ से एसीबी भी थोड़ी देर के लिये सखते मे आ गई। हालांकि एसीबी की टीम अजय प्रसाद गुप्ता को अपनी गाड़ी में बैठाकर मेदिनीनगर ले जाने मे सफल रही। गिरफ्तारी के बाद घूसखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अतिक्रमणकारी सड़क को करें खाली : सीओ



केतार। केतार बाजार के कपूरी गेट मुख्य द्वार के समीप पर्याप्त सड़क को अतिक्रमण के पश्चात हर दिन जाम की स्थिति बन रही है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना लगातार बन रही है। ऐसा ही एक दृश्य शुक्रवार को देखने को मिला। ज्ञात हो कि हाल ही में उक्त गेट के समीप नाली निर्माण के दौरान पर्याप्त सड़क की नापी संबंधित अंचल के द्वारा की गई थी और सड़क को अतिक्रमण कर रखने वाले लोगों को केतार अंचल द्वारा नोटिस भी सौंपी गई थी। नोटिस के आलोक में नाली निर्माण करते समय उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त तो किया गया। परंतु नाली निर्माण के कुछ ही दिनों के बाद फिर से उक्त सड़क को अतिक्रमण कर लिया गया। जिससे हर दिन बाजार को आए ग्रामीणों का वाहन सड़क के दोनों तरफ लगा देने से 15 से 20 फीट की जगह भी नहीं बच पा रहा है। जिससे एक ही समय पर आए बड़ी वाहनों को साइड लेने का समस्या लगातार उत्पन्न हो जा रहा है। इस दौरान चलते राहगीरों को समस्या से जुझना पड़ रहा है और देखते ही देखते जाम की स्थिति बन जा रही हैं। वहीं पाचाडूमर बालू घाट एवं छरी, पीच मिक्सिग प्लांट के चलते बड़ा हाईवा, ट्रैक्टर, टिपर, का आना जाना हर समय लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है कि हम सभी की सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त सड़क को अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले लोगों से मुक्ति दिलाया जाए। इस संबंध में केतार बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि हाल सर्वे से प्राप्त सड़क को अतिक्रमण करने वाले व्यवसायी लोग उक्त सड़क को स्वयं से खाली कर दें नहीं तो अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर खाली कराया जाएगा। अंचल द्वारा सफाई कराने पर, उसका हर्जाना भी देना पड़ेगा।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत स्थित वार्ड नौ में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक युवक की पहचान 55 वर्षीय मनोज मोदी पिता स्व. उमाशंकर मोदी के रुप में की गई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरकच्चो चैक भगवतीडीह निवासी 25 वर्षीय सलमान आदिल पिता मंजूर आलम की मौत तालाब में डूबकर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सलमान आदिल मानसिक रूप से विक्षिप्त था, शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब पर गया था, करीब 9:30 बजे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई कि सलमान आदिल तालाब में डूब गया है, सूचना मिलते ही परिजन तालाब पर पहुंचे और फिर इसकी सूचना मरकच्चो थाना को दी गई, तत्पश्चात मरकच्चो थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# जात की नहीं, जनसेवा की राजनीति करता हूं : ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

- 13 करोड़, 62 लाख की लागत से बनेगा महिला महाविद्यालय, मंत्री ने किया शिलान्यास
- अब गढ़वा की बेटियां भी अपने शहर में प्राप्त करेंगी उच्च शिक्षा



**गढ़वा।** सोनपुरवा में रेलवे स्टेशन उस पार नहर के समीप 13 करोड़, 62 लाख रुपए की लागत से महिला महाविद्यालय बनेगा। गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को महिला महाविद्यालय का शिलान्यास किया।

श्री ठाकुर ने कहा कि अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही जिले में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। आज तक गढ़वा में एक भी महिला महाविद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकती थी। परंतु आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से यह कार्य पूर्ण हो रहा है। यह महाविद्यालय गढ़वा में महिला शिक्षा के क्षेत्र में मील का एक पत्थर साबित होगा। अपनी बेटियां भी पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी। मंत्री श्री ने कहा कि वे गढ़वा के आमूलचूल परिवर्तन के लिए कटिबद्ध हैं। गढ़वा के इतिहास में आज तक जो विकास कार्य नहीं हो सका वह अब हो रहा है। गढ़वा के विकास गाथा में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। पूर्व के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना ही कॉलेज खोलने में रह गए। गढ़वा के जनता ने जिन्हें 10 वर्षों तक मौका दिया वे अपने कार्यकाल में जनता का माखौल उड़ाते रहे। अब जनता उनका मखौल उड़ा रही है। वे अब सर्कस के जोकर की तरह काम कर रहे हैं। लोगों के बीच सिर्फ मसखरी कर लोगों के लिए मनोरंजन का साधन बन गए हैं। मंत्री ने कहा कि वे आगे की परवाह नहीं करते हैं। सिर्फ जनता के लिए काम करते हैं। अगले पांच वर्ष बाद क्या होगा यह सब जनता पर छोड़ता हूं। उन्होंने कहा कि मैं धनबल, जात, पात और धर्म की राजनीति नहीं करता। सिर्फ और सिर्फ जनसेवा की राजनीति करता हूं। उसी का परिणाम है कि आज गढ़वा में विकास की गंगा बह रही है। झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, बलराम तिवारी, पारसनाथ तिवारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, मुखिया सुरेंद्र यादव, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, संवेदक अनिल सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, विश्वनाथ सिंह, चंदा देवी, कबूतरी देवी, मीना देवी, रजनीगंधा, दिव्य प्रकाश केशरी, अशोक चंद्रवंशी, राहुल जायसवाल, प्रो. प्रेमलता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कोडरमा मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य में गड़बड़ी

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 15 दिनों के अंदर डीसी से मांगी जांच रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को करमा मेडिकल कॉलेज कोडरमा के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य के निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण में लगाये जा रहे सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने भवन की नींव, भवन निर्माण में प्रयोग की गयी छड़ की गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में प्रयोग की गयी छड़ को प्रयोगशाला में भेज कर इसकी गुणवत्ता जांच करें, इसके साथ-साथ करमा मेडिकल कॉलेज के पूरे प्राकल्लन की समीक्षा करने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने इस हेतु डीसी को जांच दल गठन कर अगले 15 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, सीएस डॉ. अनिल कुमार, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, एसडीपीओ अशोक कुमार व कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## चतरा में पांच लाख के इनामी नक्सली सहदेव यादव का घर हुआ कुर्क

**चतरा।** राजपुर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव में 5 लाख रुपये के इनामी नक्सली सहदेव यादव के विरुद्ध पुलिस ने शुक्रवार को अदालत के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस ने जेसीबी से उसके घर के दरवाजे और खिड़की को तोडा। राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि भाकपा माओवादी की सक्रिय सदस्य एवं 5 लाख रुपये के इनामी नक्सली सहदेव यादव के घर को राजपुर थाना (कांड संख्या 90/15) दर्ज मामले में यह कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि नक्सली को अदालत में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गयी थी लेकिन उसने ऐसा नहीं किया जिसके चलते अदालत के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि फरार व समाज से भटके नक्सली सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिये तैयार रहें। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी पुलिस ने इश्तहार चिपकाकर नक्सली को आत्मसमर्पण करने का मौका दिया था।

## कोडरमा में शराबी पति ने पत्नी को मारपीट कर किया लहूलुहान

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहासीकर में बीते गुरुवार की रात्रि नशे के हालत में पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। वहीं महिला अपने पति की शिकायत लेकर शुक्रवार को कोडरमा थाना पहुंची, जहां इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय संगीता देवी पति दुर्गी यादव गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे अपने घर से कुछ दूरी से फोन कर पत्नी को गाड़ी में पेट्रोल खत्म हो जाने की बात बताई और पत्नी को उस जगह आने के लिए कहा, पत्नी को आने में थोड़ी देर हो गयी। जबतक पति घर के पास पहुंच चूका था, और फिर क्या था पति ने पत्नी को बीच सड़क पर ही मारपीट करना शुरू कर दिया। वहीं महिला ने आवेदन में बतायी है कि मेरा पति बराबर शराब के नशे में मेरे साथ मारपीट करता रहता है।

## मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह में जुपिटर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज (गैडे फैक्ट्री) में कार्यरत श्रमिकों का मजदूरी बकाया भुगतान को लेकर शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे मजदूरों और एनसीएलटी कोर्ट कोलकाता द्वारा अधिकृत पदाधिकारी विनय सिंघानिया एवं नरेश अग्रवाल के बीच वार्ता हुई। वार्ता में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और नेताओं, कार्यकताओं की उपस्थिति में वार्ता हुई, जो असफल रही। बताते चलें कि अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे मजदूरों ने वार्ता विफल होने के बाद धरना प्रदर्शन जारी रखा। मौके पर सुरेश यादव, बलराम राणा, मीना साव, अनिल यादव, महादेव राम, बिन्देश्वरी सिंह, मनोहर मोदी, सतीश यादव, अरुण यादव, विनय सिंह, सुजीत चैधरी, उमेश यादव, बैजू यादव तथा भारी संख्या में मजदूर व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ग्रिजली स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




कोडरमा। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर मेडल जीते। प्रतियोगिता के दौरान लॉन्ग जम्प में पुष्प राज ने कांस्य पदक, आदित्य राज ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, 600 मीटर दौड़ में रजत पदक, युवराज कुमार ने 100 मीटर की दौड़ में रजत पदक, अमन कुमार ने 200 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक, चन्दन कुमार मेहता ने जेवलिन थ्रो में रजत पदक, शिवम कुमार ने शॉट पुट में रजत पदक, आशुतोष कुमार ने डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक, रवि कुमार ने 2000 मीटर की दौड़ में रजत पदक, अमन कुमार, युवराज कुमार, निशांत कुमार, दीपांशु कुमार ने चार सौ मीटर की रिले रेस में कांस्य पदक, सोनम पांडेय ने लॉन्ग जम्प में कांस्य पदक, आरोही कुमारी ने शॉट पुट में कांस्य पदक, नेमत कैसर ने शॉट पुट में रजत पदक, प्राची पांडेय ने 100 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक एवं लॉन्ग जम्प में स्वर्ण पदक, सोनम कुमारी ने जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक, आस्था गौरव ने जेवलिन थ्रो में रजत पदक एवं कुमारी कौशिकी ने लॉन्ग जम्प में स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीत कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने 6 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक, 9 कांस्य पदक के साथ कुल 22 मेडल हासिल किये। बताते चलें कि सभी स्वर्ण पदक विजेता अब पटना में आयोजित होने वाले नेशनल अन्तर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने सभी विजेताओं तथा कोच राज कुमार राम को मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वहीं छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे एवं अविनाश सेठ, प्राचार्य बी.के झा, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय सिंह, जितेंद्र चैधरी, बी.डी नस्कर, सिकंदर कुमार, तुषार रॉय चैधरी, प्रीति जगनानी, अमित दास, सुधांशु कुमार, राजीव रंजन सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए नेशनल प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना की।

# भव्य होगा इटखोरी महोत्सव : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** अगले वर्ष फरवरी माह में राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। पर्यटन विभाग महोत्सव के आयोजन की तैयारी पहले से ही शुरू कर देगा। यह बात गुरुवार की देर शाम कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इटखोरी में कही। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चतरा से रांची लौटने के क्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय के साथ ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए थे। माता की पूजा अर्चना करने के पश्चात पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राजकीय इटखोरी महोत्सव राज्य का राजकीय उत्सव है। प्रदेश की हेमंत सरकार इसे भव्य तरीके से मनाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्ष कोरोना वायरस का संक्रमण होने के कारण सांकेतिक रूप से इटखोरी महोत्सव का आयोजन हो पाया था। लेकिन इस बार आयोजन की भव्यता में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। कांग्रेस के

**कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सुबोध कांत ने की मां भद्रकाली की पूजा**

प्रदेश अध्यक्ष ने मां भद्रकाली मंदिर परिसर को राज्य का ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बताया। पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि माता के इस दरबार में आकर असीम शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी मां भद्रकाली के दरबार में उनका आगमन हो चुका है। आगे भी मां भद्रकाली का दर्शन पूजन करने के लिए आते रहेंगे। मंदिर आगमन पर स्थानीय अंचल अधिकारी सह मंदिर प्रबंधन समिति के पदेन सचिव राम विनय शर्मा ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री को यादगार स्वरूप मां भद्रकाली की तस्वीर भेंट की।

एक नजर में

## ऐसा होगा महाविद्यालय का स्वरूप



**गढ़वा।** करीब चार एकड़ भूमि में इस महाविद्यालय का निर्माण होगा। इस कॉलेज में कला, विज्ञान व वाणिज्य सभी विषयों की पढ़ाई होगी। इसमे एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कॉमन रूम, स्टाफ रूम, पैंट्री, कैंटीन, अम्पीथीयेटर जैसी सभी सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम के आयोजन के एक बड़ा कोर्टयार्ड भी होगा। इसमें एंट्रेंस लॉबी, वेटिंग हॉल, पूछताछ, प्रशासनिक कार्यालय, स्टाफ शौचालय (एम,एफ), प्रधान कार्यालय के साथ पूर्व कक्ष शौचालय, पीए केबिन और अलग प्रतीक्षा क्षेत्र, स्टोर, सेमिनल हॉल, शारीरिक रूप से दिव्यांगों के लिए शौचालय के साथ सामान्य शौचालय, वर्ग कक्ष, दो सीढ़ी, दिव्यांगों के लिए रैंप, व्याख्यान कक्ष, कैंटीन के साथ थिएटर, टीचिंग स्टाफ रूम के साथ अटैच टॉयलेट सहित कॉमन टॉयलेट, शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्राओं और कार्यक्रमों के लिए कोर्टयार्ड कॉरिडोर से जुड़ा हुआ होगा। सभी संबंधित विषयों के लिए सामान्य एवं दिव्यांगों के लिए का अलग-अलग प्रयोगशाला, लाइब्रेरियन केबिन के साथ पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष आदि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें रेन वाटर हार्वेसिंटग के भी व्यवस्था की जाएगी।

## डीसी ने किया विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

**चतरा।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव 2022 में चतरा जिले के साक्षी प्रिया दुबे ने वोकल म्यूजिक क्लासिकल बालिका वर्ग में प्रथम स्थान, रोहित कुमार ने विसुअल आर्टस (2-डी) बालक वर्ग में प्रथम स्थान, गौतम कुमार भुइयां ने विसुअल आर्टस (3-डी) बालक वर्ग में तृतीय स्थान एवं विवेक कुमार ने इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक पर्कसिव बालक वर्ग मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त अबु इमरान ने अपने कार्यालय कक्ष में उन प्रतिभागियों को शुभकामनाओं के साथ साथ उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत छात्र छात्राओं के साथ साथ अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## कुपोषण प्रशिक्षण केन्द्र का डीसी ने किया दौरा



**चतरा।** डीआरडीए स्थित प्रशिक्षण भवन हॉल में चल रहे कुपोषण उपचार परियोजना सह पांच दिवसीय कार्यशाला में उपायुक्त अबु इमरान ने स्वयं पहुंच चयनित प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि आपलोगों का चयन चतरा को कुपोषण एवं एनीमिया से मुक्त करने हेतु किया गया है। आपलोगो को यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण भी इस लिए दी जा रही है कि बेहतर प्रशिक्षण लेकर क्षेत्र में अच्छे से कार्य करें जिससे चतरा जिला को कुपोषण एवं एनीमिया से मुक्त किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की सभी चयनित लोगों के कार्य क्षेत्र भी निर्धारित कर दी गई है। दिनांक 26 नवंबर 2022 तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा जिसका लाभ आप सभी लग्न एवं ईमानदारी पूर्वक लें। बताते चले कि इस योजना के तह्त सम्पूर्ण जिलें में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर बच्चों का सम्पूर्ण ईलाज तथा पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाना है। योजना के सफल क्रियान्यवन के निमित्त नवचयनित नूट्रिशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट कर्मियों को तथा सेविका/सहायिका एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डीआरडीए प्रशिक्षण भवन, चतरा में दी जा रही है।

## एनसीसी कैंप के लिए 36 सदस्यीय टीम रवाना



**चतरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, चतरा के एन सी सी विंग के तत्वावधान में द्वितीय वार्षिक समग्र कैम्प में 36 कैडेटों की टीम विद्यालय के सी टी ओ चेतन आनन्द के संरक्षण में रामगढ़ जिला अंतर्गत राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रवाना हुई। यह प्रशिक्षण कैम्प दिनाँक 25 नवंबर से 02 दिसंबर तक संचालित होगी। कैम्प में भाग लेने वाले कैडेटों को विदा करते हुए अपने शुभकामना संदेश में डी ए वी चतरा के प्रचार्य श्री सैयद एजाज अहमद ने कहा कि यह प्रशिक्षण कैम्प आप सभी जीवन को और अनुशासित साथ ही नई नई बातों को सीखने को मिलेगा और आप एकत्रित हो कर इस एन एन सी प्रशिक्षण कैम्प के सफल भागीदार बनके वापस लौटे। ज्ञात हो डी ए वी चतरा सम्पूर्ण चतरा जिला का एकमात्र विद्यालय है जहाँ एनसीसी पूर्ण रूप स्थापित है। एन एन सी प्रशिक्षण कैम्प में भाग लेने वाले छात्रों को डी ए वी विद्यालय के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## एनआई कार्य को लेकर ट्रेन रहेगी रद्द

**कोडरमा।** स्टेशन पर एनआई कार्य को लेकर धनबाद कोडरमा गया जंक्शन होकर गुजरने वाली आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस को विभिन्न तिथियों को रद्द कर दिया गया है। यह मेमू ट्रेन नवंबर माह में 25, 26, 27, 29 व 30 नवंबर तथा 01 दिसंबर को ट्रेन संख्या 13553/13554 आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं कोडरमा जंक्शन होकर आने और जाने वाले एक जोड़ी ट्रेन पुनर्निधारित व चार ट्रेनों का परिचालन नियंत्रित कर किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुनर्निधारित कर चलाई जाने वाली ट्रेन में पूर्णिया कोर्ट से खुलने वाली ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस नवंबर माह में 25, 27 एवं 30 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से 90 मिनट तथा 29 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से 180 मिनट देर से खुलेगी। नवंबर माह में 25, 26, 29 एवं 30 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस एवं डीडीयू मंडल में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। नवंबर माह में 24 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेल एवं डीडीयू मंडल में 180 मिनट नियंत्रित कर चलाई जा रही है। नवंबर माह में 28 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेल एवं डीडीयू मंडल में 240 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। नवंबर माह में 29 को कोलकाता से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12357 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस पूर्व रेलवे में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में लगा वैक्सीनेशन कैंप

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को वैक्सीनेशन कैंप लगाकर लगभग 50 से अधिक बच्चों ने कोरोना का पहला व दूसरा वैक्सीन लिया। जबकि अगले कैंप में कोर वैक्सीन का टीका भी उपलब्ध रहेगा। जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता व संचालन प्राचार्य व समिति के सचिव नवीन कुमार ने की। बैठक में सक्रिय सदस्य मो. आरिफ अंसारी ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों पर खुशी जताई एवं कहा कि इससे छात्रों के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है। निदेशक प्रमोद कुमार ने विद्यालय के भावी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने दिसंबर में आयोजित पीटी टू और थ्री की परीक्षा सफलतापूर्वक संचालन, खेल सप्ताह के आयोजन की सार्थकता समेत अन्य बातों पर चर्चा की। बैठक में एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, सक्रिय सदस्य फखरुद्दीन अली, सुरेंद्र मिस्त्री, राजकुमार वोहरा, चुनमुन सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि प्रवीण कुमार व अन्य उपस्थित थे।

